	मद	₹(मिलियन में)
	पूंजी एवं कुल एक्स्पोज़र	
20	**टियर 1 पूंजी**	**2753260.00**
21	**कुल एक्स्पोज़र (पंक्ति 3,11,16 तथा 19 का योग)**	**51093660.00**
	लीवरेज अनुपात	
22	**बेसल III लीवरेज अनुपात (%) (स्टेट बैंक समूह)**	**5.39%**

डीएफ़-जीआर: समूह जोखिम के संबंध में अतिरिक्त प्रकटीकरण

31.03.2021 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण	
समूह की संस्थाओं के संबंध में*	
[विदेश स्थित बैंकिंग सस्थाएँ तथा गैर-बैंकिंग संस्थाएँ]	
निम्नलिखित पर सामान्य विवरण	
कॉर्पोरेट अभिशासन प्रथाएँ	समूह की सभी संस्थाओ में अच्छी कॉर्पोरेट अभिशासन प्रथाएँ अपनाई गई हैं।
प्रकटीकरण संबंधी प्रथाएँ	समूह की सभी संस्थाएँ प्रकटीकरण की सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करती हैं।
समूह के भीतर लेनदेन के संबंध में स्वतंत्र कार्य नीति का पालन	वाणिज्यिक शर्तों तथा प्रतिभूतियों के लिए प्रावधान दोनों मामलों में स्टेट बैंक समूह के भीतर किए जाने वाले सभी लेनदेन स्वतंत्र आधार पर किए जाते हैं।
मार्केटिंग, ब्रांडिंग तथा एसबीआई के प्रतीक चिह्न का साझा उपयोग	समूह की किसी भी संस्था ने एसबीआई के प्रतीक चिह्न का इस तरह से उपयोग नहीं किया है, जिससे जनता में यह संदेश जाए कि साझा विपणन, ब्रांडिंग में उन्हें एसबीआई का निहित समर्थन प्राप्त है।
वित्तीय सहायता का विवरण,# यदि कोई हो	समूह की किसी भी संस्था ने समूह की किसी अन्य संस्था को/से वित्तीय सहायता प्रदान/प्राप्त नहीं की है।
समूह की जोखिम प्रबंधन नीति की अन्य सभी बातों का पालन	समूह जोखिम प्रबंधन नीति के सभी बातों का समूह की सभी संस्थाओं द्वारा दृढ़ता से पालन किया जाता है।

समूह के भीतर किए गए निम्नलिखित लेनदेनों को मोटे तौर पर 'वित्तीय सहायता' के रूप में माना जाता है #:

ए) समूह की एक संस्था से दूसरी संस्था में पूंजी या आय का अनुचित अंतरण ;

बी) समूह की संस्थाओं से जिस स्वतन्त्र नीति का पालन करना होता है, उस नीति का उल्लंघन;

सी) समूह के भीतर हर संस्था की चुकौती क्षमता, तरलता, तथा लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव;

डी) पूंजी के संबंध में या अन्य विनियामक आवश्यकताओं का पालन न करना;

ई) 'क्रॉस डिफॉल्ट क्लॉज' को लागू न करना जिससे किसी संबंधित संस्था द्वारा की गई चूक (चाहे वित्तीय या अन्य) को बैंक के अपने दायित्वों की पूर्ति में चूक माना जाता है।

*शामिल की गई संस्थाएँ:

बिंकिंग- विदेश में	**गैर-बैंकिंग**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेस प्राइवेट लि.
एसबीआई (मॉरिशस) लिमिटेड	एसबीआई डीएफएचआई लि.
पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	एसबीआई फंड मैनेजमेंट प्रा. लि.
कमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी, मॉस्को,	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.
नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (बोत्सवाना) लि.	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (यूके)	एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा.लि.
	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्यूरिटीज सर्विसेस प्रा. लि.

31 मार्च, 2021 को वैश्विक प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (जी-एसआईबी) के निर्धारित संकेतकों पर प्रकटीकरण को "कॉरपोरेट गवर्नेंस" लिंक के अंतर्गत बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर अलग से प्रकट किया गया है।